**(GCF-9, 11, 12, 13, VCF-VDCF-SCF-3)**

**DATE: 21.04.2022** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

**ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE**

**All Questions is compulsory.**

**प्रश्न संख्या 1 से 4 तक निम्न तालिका से हल कीजिये :**

| No. of Workers | Total Output | Total Cost |
|---|---|---|
| 1 | 10 | 30 |
| 2 | 22 | 60 |
| 3 | 31 | 90 |
| 4 | 40 | 120 |
| 5 | 47 | 150 |
| 6 | 52 | 180 |
| 7 | 56 | 210 |
| 8 | 58 | 240 |
| 9 | 60 | 270 |
| 10 | 61 | 300 |

1. सातवें श्रमिक की सीमांत उत्पत्ति ज्ञात कीजिये।
   (a) 4
   (b) 8
   (c) 2
   (d) 6

2. 40वीं इकाई की औसत लागत ज्ञात कीजिये।
   (a) 2
   (b) 3
   (c) 10
   (d) 20

3. सातवें श्रमिक की औसत उत्पत्ति ज्ञात कीजिये।
   (a) 4
   (b) 5
   (c) 8
   (d) 10

4. 60वीं इकाई की सीमांत लागत ज्ञात कीजिये।
   (a) 3.24
   (b) 2
   (c) 8.55
   (d) 15

5. कम्प्यूटर तथा साफ्टवेयर के मध्य आड़ी लोच होगीः
   (a) घनात्मक
   (b) शून्य
   (c) ऋणात्मक
   (d) एक

6. मान लीजिये यदि निजी स्कूलों की आय लोच 3.6 है तो यह क्या दर्शाता हैः
   (a) निजी स्कूलों की मांग केवल अमीरों द्वारा की जायेगी
   (b) निजी स्कूल शिक्षण एक अनिवार्यता है
   (c) निजी स्कूल शिक्षण एक विलासता है
   (d) हमें और निजी स्कूल बनाने चाहिये

7. अंतिम उपभोक्ता के लिये बाजार कहलाता हैः
   (a) थोक बाजार
   (b) नियंत्रित बाजार
   (c) अनियंत्रित बाजार
   (d) खुदरा बाजार

8. निम्न में से कौनसी एक पूर्ण प्रतियोगिता की शर्त नहीं हैः
   (a) बहुत अधिक फर्मे
   (b) साधन पूर्ण गतिशील
   (c) उपभोक्ता की जानकारी के लिये सूचनादायी विज्ञापन
   (d) नई फर्मो का स्वतंत्र प्रवेश व बर्हिगमन

9. बाजार में कीमत तथा उत्पादन का साम्य निर्धारित होता हैः
   (a) कुल लागत वक्र व कुल आगम वक्र से
   (b) कुल लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
   (c) सीमान्त लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
   (d) केवल सीमान्त लागत वक्र से

10. यदि माँग–––––––––है तो कीमत के बढ़ने पर कुल व्यय–––––––––
   (a) पूर्णतया लोचदार, बढ़ता है
   (b) लोचदार, बढ़ता है
   (c) लोचदार, घटता है
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. उपयोगिता को मापा जाता है–
   (a) धन में
   (b) मूल्य में
   (c) सन्तुष्टी
   (d) (a) और (b) दोनों

12. यदि किसी वस्तु के उपभोग से उपभोक्ता को 540 संतुष्टी प्राप्त होती है, जबकि उसकी कीमत 360 रुपये है तो उपभोक्ता की बचत होगी–
   (a) 180
   (b) 200
   (c) 140
   (d) 500

13. निम्न में से कौनसा एक उद्यमी का उद्देश्य है :–
   (a) आर्थिक उद्देश्य
   (b) सामाजिक उद्देश्य
   (c) राष्ट्रीय उद्देश्य
   (d) उपरोक्त सभी

14. अर्थशास्त्र में उत्पादन नहीं है :–
    (a) उपयोगिता का सृजन
    (b) उपयोगिता को बढ़ाना
    (c) पदार्थ में उपयोगिता का सर्जन
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. सीमान्त लागत में वृद्धि उत्पादन को––––––––––है तथा सीमान्त आगम में वृद्धि उत्पादन को–––––– है।
    (a) घटाता है, घटाता है
    (b) घटाता है, बढ़ाता है
    (c) बढ़ाता है, बढ़ाता है
    (d) बढ़ाता है, घटाता है

16. एक फर्म की मान्यता है कि लागत–––––––––है तथा लाभ––––––––––है।
    (a) चुकाना, की इच्छा
    (b) चुकाना, बनाना
    (c) चुकाना, कमाना
    (d) घटाना, बढ़ाना

17. विक्रय लागतों में शामिल नहीं है :–
    (a) विज्ञापन लागत
    (b) परिवहन लागत
    (c) उपभोक्ताओं के लिए डिस्काउंट ऑफर
    (d) विक्रेताओं के लिए प्रोत्साहन राशि

18. सन्तुलन की अवस्था वह है, जहां –
    (a) सरकारी नियंत्रण नहीं होता
    (b) क्रेता व विक्रेता दोनों अपने व्यवहार को बदलना नहीं चाहते
    (c) मांग वक्र पूर्णतया लोचदार होता है
    (d) पूर्तिवक्र पूर्णतया लोचदार होता है

19. वह समय अवधि जिसमें उद्योग में ना तो नई फर्म प्रवेश कर सकती है और ना ही बर्हिगमन कर सकती है–
    (a) अल्पकाल
    (b) मध्यम काल
    (c) दीर्घकाल
    (d) अतिदीर्घकाल

20. मिश्रित अर्थव्यवस्था में स्थित निजी उद्योगों का उद्देश्य होता है :–
    (a) लाभ
    (b) कल्याण
    (c) दोनों
    (d) इनमें से कोई नहीं

21. उपयोगिता की क्रमवाचक विचारधारा के अनुसार मुद्रा की सीमान्त उपयोगिता––––––––––
    (a) शून्य होती है
    (b) स्थिर होती है
    (c) बढ़ती हुई होती है
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. उपभोक्ता की बचत का कारण है :–
    (a) सीमान्त उपयोगिता मूल्य से अधिक होती है।
    (b) सीमान्त उपयोगिता मूल्य के बराबर होती है।
    (c) सीमान्त उपयोगिता मूल्य से कम होती है।
    (d) सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है।

23. उदासीनता वक्र विश्लेषण लागू होता है, क्योंकि –
    (a) जैसे ही हम उदासीनता वक्र पर नीचे की तरफ जाते है, तो प्रतिस्थापन्न की सीमान्त दर घटती है।
    (b) उदासीनता वक्र के प्रत्येक बिन्दु पर प्रतिस्थापन्न की सीमान्त दर समान रहती है।
    (c) प्रतिस्थापन्न की सीमान्त दर बढ़ती है, जब हम वक्र में उपर की ओर जाते हैं।
    (d) उपभोक्ता की बचत घटती है, जब उदासीनता वक्र नीचे की ओर जाता है।

24. एक फर्म द्वारा विक्रय लागतों पर खर्च बढ़ाने से मांग पर जो प्रभाव पड़ता है, वह कहलाता है :–
    (a) मांग की लोच
    (b) पूर्ति की लोच
    (c) विज्ञापन की लोच
    (d) इनमें से कोई नहीं

25. बाजार का अध्ययन करके तथा उपभोक्ता के व्यवहार पर प्रयोग के बाद भविष्य में मांग का अनुमान लगाना कहलाता है :–
    (a) बाजार अनुसंधान विधि
    (b) बाजार प्रयोग विधि
    (c) उपभोक्ता व्यवहार विधि
    (d) बाजार प्रतिक्रिया विधि

26. निम्न में से क्या आर्थिक उद्देश्य के बारे में सही नहीं है ?
    (a) इसे मुद्रा में मापा जा सकता है।
    (b) इसे मुद्रा से सम्बन्घित किया जा सकता है।
    (c) यह भावनात्मक सम्बन्धों पर आधारित है।
    (d) राष्ट्रीय आय से सम्बन्धित होते है।

27. एक सरल रेखीय माँग वक्र के निम्नतम बिन्दु व मध्य बिन्दु के बीच में लोच होगी :–
    (a) उन्नत
    (b) शून्य
    (c) इकाई से अधिक
    (d) इकाई से कम

28. उदासीन वक्र––––––––––––के कारण उद्‌गम के प्रति उत्तल होता है।
    (a) गिरते MRS
    (b) साधनों की सीमितता
    (c) सतत् MRS
    (d) (a) और (b) दोनों

29. यदि आपको निम्नलिखित आँकड़े दिये जाते है–

**तालिका 1**

| Input | सीमांत उत्पादन |
|---|---|
| 0 | 0 |
| 1 | 15 |
| 2 | 20 |
| 3 | 25 |
| 4 | 30 |
| 5 | 45 |

उपरोक्त आँकड़े एक उदाहरण हैं–
(a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल के
(b) पैमाने के स्थिर प्रतिफल के
(c) पैमाना के वृद्धिमान प्रतिफल के
(d) धनात्मक स्थिर लागतों के

30. एकाधिकार में दीर्घकाल में नहीं होता है–
(a) सामान्य लाभ
(b) असामान्य लाभ
(c) उत्पादन
(d) लागत

31. दीर्घकाल में:–
(a) केवल माँग परिवर्तित हो सकती है
(b) केवल पूर्ति परिवर्तित हो सकती है
(c) माँग एवं पूर्ति दोनों परिवर्तित हो सकती है
(d) इनमें से कोई नहीं

32. बाजार में कीमत तथा उत्पादन का साम्य निर्धारित होता है:
(a) कुल लागत वक्र व कुल आगम वक्र से
(b) कुल लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
(c) सीमान्त लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
(d) केवल सीमान्त लागत वक्र से

33. अर्थशास्त्र अध्ययन है –
(a) समाज किस प्रकार अपने असीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
(b) अपनी आवश्यकताओं को किस प्रकार कम किया जाये, ताकि वह संतुष्ट हो सके
(c) समाज किस प्रकार अपने सीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
(d) अपनी सीमित आवश्यकताओं को कैसे पूर्णतः संतुष्ट करना है

34. यदि माँग–––––––––है तो कीमत घटने पर कुल व्यय–––––––––
(a) पूर्णतया लोचदार, बढ़ता है
(b) लोचदार, बढ़ता है
(c) लोचदार, घटता है
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. उपयोगिता को नहीं मापा जाता है–
(a) धन में
(b) मूल्य में
(c) सन्तुष्टी
(d) ए और बी दोनों

36. यदि किसी वस्तु के उपभोग से उपभोक्ता को 320 संतुष्टी प्राप्त होती है, जबकि उसकी कीमत 180 रुपये है तो उपभोक्ता की बचत होगी–
(a) 180
(b) 200
(c) 140
(d) 500

37. उपभोक्ता साम्य की अवस्था में होता है, जब –
(a) सीमान्त उपयोगिता = मूल्य
(b) सीमान्त उपयोगिता = शून्य
(c) सीमान्त उपयोगिता = ऋणात्मक
(d) सीमान्त उपयोगिता = मात्रा

38. निम्न में से कौन से कथन असत्य हैं?
(a) आर्थिक लागतों में फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन की अवसर लागत शामिल है
(b) लेखांकन लागतों में शामिल है, केवल स्पष्ट लागतें
(c) आर्थिक लाभ सदैव ही लेखांकन लाभ से कम होगा यदि फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन तथा प्रयुक्त संसाधनों की कोई अवसर लागत हो।
(d) लेखांकन लाभ कुल आगम घटायें अस्पष्ट लागतों के बराबर होता है।

39. आर्थिक सिद्धान्त में यह माना जाता है कि–––––––– :
(a) फर्म के भीतर निर्णयन सामान्यतः प्रबन्धकों द्वारा किया जाता है लेकिन मालिकों द्वारा कभी नहीं
(b) फर्म का अन्तिम उद्देश्य होता है लाभों को अधिकतम करना, फर्म के आकार या व्यावसायिक संगठन के प्रारूप की अनदेखी करके
(c) जैसे–जैसे फर्म का आकार बढ़ता है वैसे–वैसे उसके उद्देश्य बढ़ते जाते हैं
(d) किसी फर्म की मौलिक निर्णय उसके मालिक लेते हैं

40. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है।
(a) यदि सीमान्त आगम सीमांत लागत से अधिक हो तो फर्म को उत्पादन बढाना चाहिए।
(b) यदि सीमान्त आगम सीमान्त लागत से कम हो तो फर्म को उत्पादन घटाना चाहिए।
(c) आर्थिक लाभ तब अधिकतम होता है जब कुल लागत, कुल आगम के बराबर होता है।
(d) लाभ अधिकतम करण की शर्त है सीमान्त आगम बराबर सीमान्त लागत।

41. अर्थशास्त्र है।
(a) एक सटीक विज्ञान
(b) सटीक विज्ञान नही है
(c) विज्ञान ही नही है
(d) उपरोक्त में से कोई नही

42. आर्थिक नियम होते है–
(a) सटीक
(b) विशिष्ट मान्यताओं पर आधारित
(c) अनिवार्य
(d) सरकार द्वारा शक्ति से परिवर्तनीय

43. उदासिनता वक्र बाएं से दायीं की ओर झुकता है जिसमें एक वस्तु ज्यादा तथा दुसरी वस्तु कम उपभोग करते हुए––––––––होता है।
(a) समान संतुष्टि
(b) उच्च संतुष्टि
(c) अधिकतम संतुष्टि
(d) गिरता हुआ व्यय

44. वह समयावधि जिसमें पूर्ति को बढाया ना जा सकें कहलाती है?
(a) बाजार अवधि
(b) अल्पकाल
(c) दीर्घकाल
(d) उपरोक्त में से कोई नही

45. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है ?
(a) सीमान्त उत्पति और औसत उत्पति दोनों कुल उत्पति से ज्ञात किये जा सकते है।
(b) जब AP वक्र बढ़ता है, तो MP > AP
(c) जब AP अधिकतम होता है, तब MP = AP
(d) जब AP गिरता है, तो MP भी गिरता है, लेकिन MP > AP

46. इस बात का अध्ययन कि कैसे कारपोरेट आयकर की दर में वृद्धियाँ राष्ट्रीय बेरोजगारी की दर को प्रभावित करेंगी एक उदाहरण है :
(a) व्यापक अर्थशास्त्र का
(b) विवेचानात्मक अर्थशास्त्र का
(c) सूक्ष्म अर्थशास्त्र का
(d) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र का

47. वास्तविक व आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अन्तर है।
(a) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवसाय के प्रदर्शन की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अर्थव्यवसाय के बुरे प्रदर्शन के कारणों की व्याख्या करता है।
(b) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र इस बात की जॉच करता है अर्थव्यवस्था के लोगों के लिए क्या चीज अच्छी है और क्या बुरी।
(c) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों का अध्ययन करता है जबकि वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा व क्या बुरा है कि व्याख्या करता है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

48. निम्न में से कौन व्यवसायिक अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र नही है
(a) पूॅजी बजट
(b) जोखिम अध्ययन
(c) व्यापार चक्र
(d) Accounting Standard (लेखामानक)

49. एकाधिकार बाजार में सीमान्त आगम सदैव––––––––
 (a) मूल्य और औसत आगम से अधिक होती है।
 (b) मूल्य के पास समान होती है।
 (c) कभी मूल्य से अधिक तथा कभी कम होती है।
 (d) मूल्य और औसत आगम से कम होती है।

50. यदि दो वस्तुओं की आड़ी लोच अनन्त हो, तो वे वस्तुऐ है :–
 (a) पूर्णतया पूरक वस्तुऐं
 (b) पूर्णतया स्थानापन्न वस्तुऐं
 (c) असम्बन्धित वस्तुऐं
 (d) कुछ भी कहा नहीं जा सकता

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये तथा प्रश्न 51–52 के उत्तर दिजिए।
राधिका का अपना एक छोटा पेन बनाने का कारखाना है। वह प्रति वर्ष पेन के 1,000 पीस बना सकती है तथा उन्हें प्रत्येक 400 रू. में बेचती हैं। पेन बनाने के 1,000 पीस के उत्पादन के लिए राधिका की कच्चे माल की लागत 35,000 रू. आती हैं। उसने अपने कारखाने व उपकरण में 2,00,000 रू. अपनी बचतों से 1,50,000 रू. तथा 10 प्रतिशत ब्याज पर उधार लेकर 50,000 रू. लगाये हैं (मान लीजिए कि वह 30 प्रतिशत पर अपने धन को उधार भी दे सकती थी)। राधिका प्रति वर्ष 80,000 रू. पर प्रतियोगी पेन बनाने का कारखाने में कार्य कर सकती हैं।

51. राधिका के पेन बनाने का कारखाने में लेखांकन लाभ है–
 (a) 3,00,000 रू.
 (b) 4,60,000 रू.
 (c) 3,60,000 रू.
 (d) 3,75,000 रू.

52. राधिका के कारखाने में आर्थिक लाभ है–
 (a) 3,50,000 रू.
 (b) 2,50,000 रू.
 (c) 2,35,000 रू.
 (d) 2,40,000 रू.

53. 4 इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

| Units | Total Cost (Rs.) | Marginal Cost (Rs.) |
|---|---|---|
| 2 | 80 | 50 |
| 4 | – | 40 |

 (a) 140
 (b) 120
 (c) 160
 (d) 40

54. जब पूर्ण प्रतियोगी बाजार तथा उद्योग दीर्घकालीन साम्य में हों तो –
 (a) P=MR=SAC=LAC
 (b) D=MR=SMC=LMC
 (c) P=MR=Lower point on the LAC Curve
 (d) उपरोक्त सभी

55. एकाधिकार में, औसत तथा सीमान्त आगम वक्रों के बीच सम्बन्ध निम्नलिखित के रूप में होता है –
    (a) AR वक्र MR वक्र के ऊपर रहती है
    (b) AR वक्र MR वक्र को स्पर्श करती है
    (c) AR वक्र MR वक्र के नीचे रहती है
    (d) AR वक्र MR वक्र के समानान्तर होती है

56. किसी वस्तु की अवसर लागत होती है–
    (a) उसे पाने में खोया समय
    (b) उस वस्तु की एक और इकाई पाने के लिए त्यागी गई अन्य वस्तु की मात्रा
    (c) वस्तु पर व्यय
    (d) बचतों का उपयोग करने से ब्याज की हानि

57. AM, MR तथा माँग की मूल्य लोच के बीच सम्बन्ध होता है –
    (a) MR=AR+[e-1/e]
    (b) MR=AR x [e-1/e]
    (c) AM=MR x [e-1/e]
    (d) MR=AR x [e/e-1]

58. पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म का––––––––––(AVC के ऊपर) फर्म के पूर्ति वक्र का समान आकार होता है।
    (a) सीमान्त आगम वक्र
    (b) सीमान्त लागत वक्र
    (c) औसत लागत वक्र
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

59. यदि वस्तु X के लिए माँग वक्र अधोगामी–ढलुँवा है तो मूल्य में कोई वृद्धि उत्पन्न करेगी –
    (a) वस्तु X के लिए माँग में कमी
    (b) वस्तु के X लिए माँगी गई मात्रा में कोई परिवर्तन नहीं
    (c) वस्तु के X लिए माँगी गई अपेक्षाकृत अधिक मात्रा
    (d) वस्तु के X लिए माँगी गई अपेक्षाकृत कम मात्रा

60. कम विक्रेता ने A ने वस्तु X की 400 इकाईयाँ रू. 10 प्रति इकाई पर सप्लाई की A आज विक्रेता A ने 200 इकाई की रू. 5 प्रति पर सप्लाई किया। इस साक्ष्य के आधार पर, विक्रेता A ने अनुभव किया –
    (a) पूर्ति में कमी
    (b) पूर्ति में वृद्धि
    (c) सप्लाई की गई मात्रा में वृद्धि
    (d) सप्लाई की गई मात्रा में कमी

61. बाजार का अध्ययन करने के लिए निम्न में से किस घटक पर विचार किया जाता है।
    (a) बाजार की परिपक्वता
    (b) बाजार की लागत संरचना
    (c) बाजार की मूल्य संवदेनशीलता
    (d) उपरोक्त सभी

62. वे वस्तुऐं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इस्तेमाल किया जाता है, कहलाती है :–
    (a) उपभोक्ता वस्तुऐं
    (b) पूंजीगत वस्तुऐं
    (c) डिजिटल वस्तुऐं
    (d) इनमें से कोई नहीं

63. वह दर जिस दर पर केन्द्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के बिलों का बट्टा किया जाता है :–
(a) बैंक दर
(b) नगद रिजर्व अनुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात
(d) इनमें से कोई नहीं

64. भारत में निम्न में से किसमें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की आज्ञा नहीं है ?
(a) चिट फण्ड
(b) स्थिर सम्पत्ति
(c) सिगरेट निर्माण
(d) उपरोक्त सभी

65. निम्न में से कौनसा कथन हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय को सही परिभाषित करता है।
(a) व्यवसाय का यह तरीका केवल भारत में ही प्रचलित है
(b) सभी पारिवारिक व्यवसाय हिन्दु अविभिाजित परिवार व्यवासय होते है
(c) हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय में केवल परिवार के सदस्य ही शामिल होते है
(d) (a) व (c) दोनों

66. निम्न मे से कौनसी व्यवसायिक पर्यावरण की विशेषता है
(I) पर्यावरण स्थैतिक है
(II) पर्यावरण गत्यात्मक है
(III) पर्यावरण एक मुश्किल अवधारणा है और इसके कई पहलू है।
(IV) इसकी पहॅुच अल्पकालीन है
Options
(a) Point I & III
(b) Point I, II & III
(c) Point II & IV
(d) Point II & III

67. किस दवा निर्माता कम्पनी का स्लोगन है ''Caring for life"
(a) डा रेड्डी
(b) लुपिन
(c) सिपला लि.
(d) उपरोक्त में से कोई नही

68. वह शेयर जो आर्थिक गिरावट के समय पर भी एक स्थिर लाभांश व स्थिर आय प्रदान करता है वह कहलाता है।
(a) सुरक्षात्मक स्कंध
(b) नगद बजट
(c) आय स्कंध
(d) सूचीबद्ध स्कंध

69. वह FDI जिसके लिये सरकार या RBI से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है वह है।
(a) ग्रीन चैनल
(b) प्राथमिक मार्ग
(c) गैर व्यवसायिक मार्ग
(d) स्वचालित मार्ग

70. कौनसी वैधानिक संस्था सेबी से पहले वित्तीय मामलों को नियंत्रित करती थी
    (a) Controller of capital issued
    (b) RBI
    (c) IRDAI
    (d) भारत सरकार

71. वाणिज्यिक जागरूकता में शामिल है–
    (a) व्यवसाय कैसे पैसे कमाता है
    (b) ग्राहक क्या चाहते है
    (c) व्यवसाय के विशेष क्षेत्रों में क्या समस्याऐं हैं
    (d) उपरोक्त सभी

72. HUF के होते हैं–
    (a) सभी व्यक्तियों तथा अविवाहित बेटियों सहित एक सामान्य पूर्वज के वंशज हैं
    (b) पत्नियों और अविवाहित बेटियों को छोड़कर, सभी व्यक्ति एक सामान्य पूर्वज से वंशज हैं
    (c) सभी पुरुष सदस्य एक सामान्य पूर्वज से वंशज थे
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. आयकर अधिनियम के तहत, A HUF इससे आय अर्जित नहीं कर सकता है:
    (a) घर की संपत्ति
    (b) वेतन
    (c) मुनाफे
    (d) अन्य स्त्रोत

74. .———————एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक फर्म या संगठन अपने सम्बन्धित पर्यावरण का अध्ययन करके अवसरों व खतरों की जॉच कर सकते है जो की उनके व्यवसाय को प्रभावित कर सकते है।
    (a) पूर्वानुमान
    (b) मूल्याकन
    (c) अवलोकन
    (d) उपरोक्त में से कोई नही

75. बिजनेस एनवायरनमेंट———————का प्रतिनिधित्व करता है जो फर्म द्वारा लिए गए व्यावसायिक निर्णयों पर कुछ हद तक प्रभाव डालता है।
    (a) आंतरिक बल
    (b) बाहरी बल
    (c) वित्तीय बल
    (d) राष्ट्रीय बल

76. निम्नलिखित में से कौन व्यावसायिक पर्यावरण की विशेषता नहीं रखता है?
    (a) उत्पादन के तरीके
    (b) जटिलता
    (c) अनिश्चितता
    (d) सापेक्षता

77. किस प्रकार के उद्यम को पर्यावरण की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है?
    (a) छोटे उद्यम
    (b) मालिकाना फर्म
    (c) माइक्रो एंटरप्राइजेज
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

78. संगठन के पर्यावरण के खतरों और अवसरों का विश्लेषण करने की प्रक्रिया को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है–
    (a) पर्यावरणीय प्रभाव
    (b) पर्यावरण अर्थशास्त्र
    (c) पर्यावरण नियोजन
    (d) पर्यावरणीय स्कैनिंग

79. बाहरी पर्यावरणीय स्कैनिंग में, कर विधान, सामाजिक सुरक्षा विधान और कर प्रावधानों को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है–
    (a) भौगोलिक प्रभाव
    (b) सरकारी प्रभाव
    (c) आर्थिक प्रभाव
    (d) तकनीकी प्रगति

80. तात्कालिक वातावरण जिसके साथ फर्म संचालित होती है –
    (a) सूक्ष्म पर्यावरण
    (b) व्यापक पर्यावरण
    (c) बाहरी वातावरण
    (d) परिधीय पर्यावरण

81. एक व्यवसाय अपने अवसरो को बढाने के लिए व खतरो को कम करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाता है
    (a) व्यूहरचनात्मक प्रतिक्रिया
    (b) न्यूनतम प्रतिरोध
    (c) विविधत
    (d) सरलीकरण

82. एक कारोबारी माहौल में बाहरी कारक, शामिल हैं–
    (a) अवसर
    (b) खतरा
    (c) दोनों (a) और (b)
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. कौनसा Environment व्यवसाय के नियंत्रण से परे है।
    (a) आंतरिक
    (b) बाहरी
    (c) माइक्रो
    (d) मैक्रो

84. पर्यावरणीय प्रभावों को समझना मुश्किल क्यों है?
    (a) इसकी अलग–अलग उप–प्रणालियाँ हैं
    (b) यह आसानी से भविष्यवाणी नहीं की जा सकती
    (c) इसमें एक जटिल फ्रेम वर्क है
    (d) उपरोक्त सभी

85. आपूर्तिकर्ता पर्यावरण का–––––––––पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है–
    (a) सामग्री की गुणवत्ता
    (b) सामग्री और सेवा की लागत
    (c) उपभोक्ता के स्वाद, पसंद और अपेक्षाओं में परिवर्तन
    (d) सामग्री और सेवाओं की उपलब्धता

86. मौद्रिक नीति में शामिल हैं–
    (a) गतिविधियाँ और हस्तक्षेप जिनका उद्देश्य व्यापार को ऋण की सुचारू आपूर्ति और व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देना है
    (b) सार्वजनिक व्यय, कराधान (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों और सार्वजनिक ऋण के संबंध में नीति।
    (c) औद्योगिक विकास, और संबंधित उद्देश्यों को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी निवेश की आमद को विनियमित करना
    (d) निर्यात में वृद्धि और निर्यात और आयात के बीच की खाई को पाटना

87. –––––––––नीति का उद्देश्य औद्योगिक विकास, और संबंधित उद्देश्यों को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी निवेश की आमद को विनियमित करना है।
    (a) राजकोषीय
    (b) मुद्रा
    (c) विदेशी निवेश
    (d) दोनों (a) और (c)

88. –––––––––विश्लेषण उन पर्यावरणीय प्रभावों को स्कैन करने का एक तरीका है जो किसी संगठन या उसकी नीति को प्रभावित या प्रभावित करने की संभावना रखते हैं–
    (a) स्वोट
    (b) PESTLE
    (c) ब्रह्मांडीय
    (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

89. L&T Company का चेयमेन कौन है?
    (a) Anil Manibhai Naik
    (b) Shankar Raman
    (c) I.S. Jha
    (d) Vishal Sikka

90. ITC का समामेलन वर्ष कौनसा है?
    (a) 1910
    (b) 1920
    (c) 1912
    (d) 1914

91. NTPC के CEO कौन है?
    (a) I.S. Jha
    (b) K Sreekant
    (c) Vishal Sikka
    (d) Gurdeep Singh

92. कंपनी के शेयर आसानी से हस्तांतरणीय हैं। शेयरों को———————में खरीदा और बेचा जा सकता है।
    (a) घरेलू बाजार
    (b) कंपनी बाजार
    (c) शेयर बाजार
    (d) खुला बाजार

93. आयातों के संबंध में व्यापारिक प्रतिबंधो को समाप्त करना कहलाता है–
    (a) वैश्वीकरण
    (b) निजीकरण
    (c) विनिवेश
    (d) समेकन

94. —————किसी संगठन या व्यक्ति द्वारा अपनाए गए या प्रस्तावित गतिविधियों का एक सिद्धांत या सिद्धांत–
    (a) एक नियम
    (b) प्रक्रिया
    (c) नीति
    (d) रणनीति

95. निम्नलिखित में से कौन सा उदारीकरण का प्रभाव है?
    (a) विनिवेश
    (b) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
    (c) सार्वजनिक उपक्रमों का तेजी से पुनर्गठन और सुधार
    (d) उपरोक्त सभी

96. यदि वर्तमान बैंक दर 10 प्रतिशत हैं और RBI ने 20 आधार अंकों की कमी की है, तो नई दर होगी–
    (a) 8 प्रतिशत
    (b) 8.10 प्रतिशत
    (c) 9.80 प्रतिशत
    (d) 8.90 प्रतिशत

97. निम्नलिखित में से कौन सा फंडिंग संस्थान है:
    (a) आईएफसीआई
    (b) भारतीय रिजर्व बैंक
    (c) आईआरडीए
    (d) सेबी

98. देनदारियों और जमाओं को पूरा करने के लिए बैंक के तरल आस्तियों के अनुपात को————————— दर्शाता है–
    (a) एसएलआर
    (b) सीआरआर
    (c) बैंक दर
    (d) इनमें से कोई नहीं

99. वित्तीय समझौतो तथा अनुबंधों के लिए एक सामान्य पारिभाषिक शब्द है
    (a) खाता शेष
    (b) स्वीकार्यता
    (c) वार्षिकी
    (d) ऋणपत्रों का क्रय–विक्रय

100. सेबी के खिलाफ द्वितीय अपील कहॉ की जा सकती है
    (a) उच्च न्यायालय
    (b) सर्वोच्च न्यायालय
    (c) सिक्योरिटी–अपील ट्रिब्यूनल
    (d) भारतीय रिजर्व बैंक

—**—